RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 147 • 09:06:2024 • रविवार • मूल्य : 5/-

## अब केंद्र की राजनीति में रहेंगे सपा प्रमुख अखिलेश यादव !

### करहल सीट छोड़ने के संकेत, तेज प्रताप लड़ सकते हैं चुनाव



**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में शानदार जीत दर्ज करने के बाद अब समाजवादी पार्टी के चीफ अखिलेश यादव विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष का पद छोड़कर सेंट्रल पॉलिटिक्स पर फोकस करेंगे। बता दें कि इस लोकसभा इलेक्शन में उत्तर प्रदेश में 37 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल की है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, अखिलेश यादव करहल विधानसभा सीट को छोड़ सकते हैं और फिलहाल अभी सेंट्रल पॉलिटिक्स पर फोकस करेंगे। समाजवादी पार्टी ने इस बार यूपी में अब तक का बेहतर प्रदर्शन किया है। अखिलेश के सीट छोड़ने के बाद तेज प्रताप यादव का नाम तेजी से चर्चाओं में बना हुआ है। तेज प्रताप पहले पूर्व सीएम मुलायम सिंह यादव और इस चुनाव में डिंपल यादव के साथ मैनपुरी में चुनाव प्रचार कर चुके हैं। वह मैनपुरी से सांसद भी रह चुके हैं। आज समाजवादी पार्टी के जीते हुए सांसदों की लखनऊ में मीटिंग हुई थी।

### आंध्र प्रदेश में सत्ता में आने के बाद टीडीपी के गंभीर आरोप

## जगन सरकार ने टैप कराए फोन, सबूत भी मिटा दिए



**अमरावती (एजेंसी)।** तेलगु देशम पार्टी के महासचिव नारा लोकेश ने शुक्रवार को कुछ गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली वाईएसआरसीपी सरकार ने उनके फोन टैप किए। इतना ही नहीं, इसे लेकर जो सबूत थे उसे नष्ट कर दिया गया। लोकेश ने कहा कि आंध्र प्रदेश के लोगों की इच्छा के खिलाफ 2014 में राज्य का बंटवारा कर दिया गया। लोगों की नाराजगी की बड़ी वजह हैदराबाद का नुकसान होना है। उन्होंने कहा, हमें यह याद रखना चाहिए कि हैदराबाद आर्थिक गतिविधियों का पावरहाउस है। कई लोग इस पर निर्भर हैं। ऐसे में हमारी मांग है कि राज्य को थोड़ा समय दिया जाए। इससे हम फिर से इसका पुनर्निर्माण कर सकेंगे। टीडीपी नेता ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व के प्रति पार्टी की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। लोकेश ने कहा कि पार्टी चुनाव से पहले बिना शर्त राजग में शामिल हुई थी।

## पटरी पर दौड़ाती हैं वंदे भारत ऐश्वर्या मेनन को मिला न्योता

### मोदी के शपथ समारोह में लेंगी हिस्सा, 8 हजार खास मेहमानों में शामिल



**चेन्नई (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री की शपथ लेने वाले हैं। उनके शपथ ग्रहण कार्यक्रम में देश-विदेश के मेहमान शिरकत करने वाले हैं। ऐसा बताया जा रहा है कि कुल 8 हजार खास मेहमानों को पीएम मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लेने के लिए निमंत्रण भेजा गया है। इन मेहमानों में दक्षिणी रेलवे के चेन्नई डिवीजन की वरिष्ठ सहायक लोको पायलट ऐश्वर्या एस मेनन नरेंद्र मोदी और नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने वाले विशेष मेहमानों में शामिल हैं। बता दें ऐश्वर्या एस मेनन ने वंदे भारत ट्रेनों के साथ-साथ जनशताब्दी जैसी विभिन्न ट्रेनों में लोको पायलट के रूप में काम किया है। ऐश्वर्या ने चेन्नई-विजयवाड़ा और चेन्नई-कोयंबटूर वंदे भारत एक्सप्रेस सेवाओं की शुरुआत से लोको पायलट के रूप में काम किया है। ऐश्वर्या एक शानदार लोको पायलट हैं, जिन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों से प्रशंसा प्राप्त की है।

## देश की सरहदों की सुरक्षा को मिले 355 युवा अफसर

- आईएमए से भारतीय युवा के साथ 39 विदेशी कैडेट भी पास-आउट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) से पासआउट होकर 355 युवा भारतीय सेना में अफसर बन गए। इस दौरान विदेशी मित्र राष्ट्रों के 39 कैडेट भी पास आउट होकर अपने देश की सेना में अफसर बनेंगे। पासिंग आउट परेड में युवा अफसरों का हौंसला देखते ही बन रहा था। 154वें नियमित और 137वें तकनीकी ग्रेजुएट कोर्स की पीओपी शनिवार सुबह आईएमए में हुई। कैडेट चैडवुड ड्रिल स्क्वायर पर कदम ताल करते आए तो सामने दर्शक दीर्घा में बैठे परिजनों ने उनकी हौंसला अफजाई की। आईएमए से कसम परेड के बाद सेना में बतौर लेफ्टिनेंट सेवा का पहला कदम यहां से भरकर निकले। आईएमए से पास आउट होने वाले कुल 394 कैडेटों में 39 विदेशी कैडेट होंगे। 355 भारतीय कैडेट सेना की अलग-अलग कोर से जुड़कर देश के हर कोने में सेवा देने के लिए जाएंगे। परेड की सलामी उत्तरी कमांड के जीओसी ले. जनरल एमवी सुचिंद्र कुमार ने ली।

## फिर मोदी सरकार, शपथ ग्रहण समारोह आज

### पीएम हाउस पर शाह-नड्डा की बैठक, सुरक्षा में पैरामिलिट्री की 5 कंपनियां तैनात

### 15 जून के आसपास शुरू होगा 18वीं लोकसभा का पहला सत्र, संसद भी तैयार





**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नरेंद्र मोदी 9 जून 2024 की शाम 7.15 बजे लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। मोदी के साथ एनडीए के 14 सहयोगी दलों के 18 सांसद भी मंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। इनमें 7 कैबिनेट और बाकी 11 स्वतंत्र प्रभार और राज्यमंत्री के रूप में शपथ ले सकते हैं। हालांकि, इसकी आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। माना जा रहा है 3 दर्जन से अधिक सांसद मंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। टीडीपी और जेडीयू से 2-2 और शिवसेना से एक कैबिनेट मंत्री बन सकते हैं। सूत्रों का कहना है कि इसके अलावा एनसीपी, एलजेपी और जेडीएस के कोटे से कैबिनेट मंत्री शपथ ले सकते हैं। जेडीयू नेता केसी त्यागी ने दावा किया कि, नीतिश कुमार को इंडिया ब्लॉक से पीएम बनाने का ऑफर मिला था। मगर उन्होंने ठुकरा दिया क्योंकि अब पीछे देखने का सवाल ही नहीं है। उधर अमित शाह और जेपी नड्डा मोदी आवास पहुंचे। यहां मंत्रिमंडल को लेकर चर्चा हो सकती है। टीडीपी के एक सांसद ने बताया कि किस दल से कितने मंत्री बनाए जाएंगे, इसका फॉर्मूला पहले ही तय किया जा चुका है। इसको लेकर सार्वजनिक रूप से किसी तरह की चर्चा करने की कोई जरूरत नहीं है। सभी इस बात पर सहमत हैं कि पीएम जिसे जो जिम्मेदारी देंगे, वे उसे निभाएंगे। देश की 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 15 जून के आसपास शुरू होने की संभावना है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कल यानी 9 जून को नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे।

## 1600 स्टूडेंट्स को फिर देनी होगी नीट यूजी 2024 परीक्षा

- एनटीए ने पेपर लीक के आरोपों पर दी सफाई, कहा-सिर्फ 6 सेंटर पर प्रभावित हुई थी परीक्षा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नीट यूजी परीक्षा 2024 के परिणाम में गड़बड़ी के आरोपों के बीच नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानि कि एनटीए ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए पूरे मामले पर अपनी प्रतिक्रिया रखी है। दरअसल, 4 जून को आए नीट यूजी रिजल्ट पर उठ रहे सवालों का जवाब देते हुए एनटीए के महानिदेशक सुबोध कुमार ने पेपर लीक की बातों को खारिज किया है। उन्होंने कहा कि कोई पेपर लीक नहीं हुआ था। सुबोध कुमार ने कहा है कि नीट का रिजल्ट आने के बाद से जिस तरह की चीजें चल रही हैं उसको लेकर हम यही कहना चाहेंगे कि पेपर लीक नहीं हुआ था। हमारे अधिकारियों ने सभी चीजों का विश्लेषण करके निष्कर्ष निकाला है कि मुद्दा केवल इतना है कि पेपर सिर्फ 6 सेंटर पर पेपर देरी से बंटा था जिसकी वजह से 1600 स्टूडेंट प्रभावित हुए। सुबोध कुमार ने बताया कि हमने एक पैनल का गठन किया है जो इन 1600 स्टूडेंट के रिजल्ट की जांच करेगा।

## महाराष्ट्र में बारिश-बिजली से एक हफ्ते में 8 की मौत

### राजस्थान में तूफान से 4 की जान गई, आज भी रफ्तार से चलेंगी हवाएं



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश के दक्षिणी राज्यों को कवर करने के बाद महाराष्ट्र में शुक्रवार (7 जून) को मानसून की एंट्री हुई। इसके 9 से 10 जून के बीच मुंबई पहुंचने की संभावना है। मौसम विभाग ने शनिवार (8 जून) को महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक और केरल के तटीय इलाकों में भारी बारिश की चेतावनी दी है। गोवा में अगले चार दिन तक मछुआरों को समुद्र में न जाने की चेतावनी दी गई है। केरल के कालीकट एयरपोर्ट पर खराब मौसम के कारण शनिवार सुबह दुबई से आ रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की एक फ्लाइट को कोच्चि डायवर्ट कर दिया गया। एयरलाइन सूत्रों ने बताया कि 173 यात्रियों के साथ एआई एक्सप्रेस की फ्लाइट सुबह 2.47 बजे कोच्चि एयरपोर्ट पर उतरी। करीब सात घंटे बाद सुबह करीब 9.30 बजे फ्लाइट कोच्चि से कालीकट रवाना हुई। महाराष्ट्र के मराठवाड़ा में पिछले एक हफ्ते से बारिश के कारण आई बाढ़ और बिजली गिरने से 8 लोगों की मौत हो गई है।

## वीके पांडियन की आईएएस पत्नी ने ली 6 महीने की छुट्टी

- चुनावी नतीजों के ठीक बाद उठाया कदम, पद के दुरुपयोग की हैं शिकायतें

**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** ओडिशा की सीनियर नौकरशाह सुजाता आर. कार्तिकेयन 6 महीने की चाइल्ड केयर लीव पर चली गई हैं। राज्य सरकार की ओर से शुक्रवार को जारी नोटिफिकेशन में यह जानकारी दी गई। इसमें बताया गया कि वह अपनी बेटी की 10वीं कक्षा की परीक्षा की तैयारी में मदद करना चाहती हैं। मालूम हो कि कार्तिकेयन ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के करीबी सहयोगी बीजद नेता वीके पांडियन की पत्नी हैं। ओडिशा के चुनावों में बीजू जनता दल के खराब प्रदर्शन से पांडियन को भी बड़ा झटका लगा है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि पटनायक की लोकप्रियता में लगातार गिरावट काफी हद तक पार्टी के सभी सीनियर नेताओं को हाशिए पर रखने की उनकी अपनी नीति के कारण है।



## कांग्रेस को शहरी इलाकों में फोकस करने की है जरूरत

### सीडब्ल्यूसी की मीटिंग में मल्लिकार्जुन खरगे ने दी नसीहत



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव परिणामों के बाद पहली बार कांग्रेस भी बड़ी बैठक कर रही है। शनिवार को नई दिल्ली में कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक शुरू हो गई है। वहीं कांग्रेस संसदीय दल की बैठक भी होनी है जिसमें सभी नवनिर्वाचित सांसद पहुंच सकते हैं। कांग्रेस अध्यक्षध मल्लिकार्जुन खरगे सांसदों को डिनर देंगे। बैठक की शुरुआत में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने देशभर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं को धन्यवाद दिया है। खरगे ने कहा, जनता ने तानाशाही और असंवैधानिक ताकतों को तगड़ा जवाब दे दिया है। लोगों को कांग्रेस में विश्वास है। देश के वोटर्स ने बीजेपी के 10 साल के शासन को नकारा है। बीजेपी ने इस देश में बांटने की और घृणा की राजनीति की है। सीडब्ल्यूसी की तरफ से खरगे ने नवनिर्वाचित सांसदों को बधाई दी। उन्होंने कहा, हम लड़े और जीते। परिस्थितियां प्रतिकूल थीं फिर भी जीते।

## मालीवाल मारपीट मामले में बिभव कुमार को झटका

- नहीं मिली राहत, कोर्ट ने फिर खारिज की जमानत याचिका

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल से कथित मारपीट मामले में दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट ने सीएम केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार की जमानत याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि पीड़िता को लगातार मिल रही हैं। यह दूसरी जमानत याचिका है जिसे कोर्ट ने खारिज किया है। इससे पहले 27 मई को उनकी पहली नियमित जमानत याचिका खारिज की गई थी। शुक्रवार को सुनवाई के दौरान अदालत ने यह कहा कि इस बात की भी पूरी आशंका है कि अगर कुमार को जमानत मिली तो वे गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं। न्यायाधीश ने यह भी कहा कि मालीवाल को लगी चोटें एमएलसी के अनुसार स्पष्ट थीं और कुमार के खिलाफ लगाए गए आरोप गंभीर और संगीन प्रकृति के थे। इसके अलावा कोर्ट ने कहा, बिभव कुमार पर आरोप है कि उन्होंने सीएम आवास पर एक महिला सदस्य के साथ दुर्व्यवहार किया।



### लोकसभा रिजल्ट के बाद यूपी सरकार के बड़े ऐक्शन

## 13 जिलों में 16 एनकाउंटर, 61 पुलिसकर्मी सस्पेंड जल्द वैकेंसी निकालने का आदेश



**लखनऊ (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव में सपा को सबसे ज्यादा 37 सीटें मिलीं। भाजपा को पिछली बार के आम चुनाव की तुलना में 29 सीटों का नुकसान हुआ। इसके बाद यूपी सरकार एक्शन में है। रिजल्ट आने के 48 घंटे के अंदर बड़े फैसले लिए गए। सबसे बड़ा फैसला विभागों में खाली पदों पर नौकरी को लेकर है। सीएम ने अफसरों को इसके लिए निर्देश दिए हैं। लॉ एंड ऑर्डर बनाए रखने के लिए एनकाउंटर से लेकर पुलिसकर्मियों को सस्पेंड करने तक की कार्रवाई की जा रही है। 2 दिन में 61 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड किया गया। 13 जिलों में 16 एनकाउंटर हुए, जिसमें 2 बदमाश ढेर हो गए। सीएम योगी ने गुरुवार को सभी अपर मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव स्तर के अधिकारियों के साथ मीटिंग की। पूरा जोर सरकारी विभागों में खाली पदों को भरने पर दिया। इस दौरान सीएम ने निर्देश दिए कि खाली पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया तेज करें। जहां खाली पद हैं, आयोग को भेजें। चयन प्रक्रिया की समय-सीमा तय करें। सीएम ने अफसरों से कहा- नियुक्ति प्रक्रिया में सरलता के लिए ऑनलाइन आवेदन की व्यवस्था लागू की गई, उसका उपयोग करें।

### बिजली कटौती रोकने और तत्काल ट्रांसफॉर्मर बदलने के आदेश

लोकसभा चुनाव के बाद बिजली कटौती की लगातार शिकायतें मिल रही हैं। फीडबैक आ रहा है कि चुनाव के समय तो बिजली मिली, लेकिन अब अचानक बिजली कटौती बढ़ गई है। इस पर मुख्यमंत्री ने बिजली आपूर्ति को लेकर भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तेज गर्मी और लू का मौसम चल रहा है। ऐसे में पूरे प्रदेश में गांव हो या शहर, कहीं भी अनावश्यक बिजली कटौती नहीं होनी चाहिए। बिजली तभी कटे, जब बहुत जरूरी हो। ट्रांसफॉर्मर जलने, तार गिरने और ट्रिपिंग जैसी समस्याओं को बिना देरी ठीक किया जाए। सरयू नदी पर बैराज निर्माण को लेकर लोकसभा चुनाव के बाद तेजी दिखाई गई।

## राहुल गांधी लोकसभा में बनें नेता प्रतिपक्ष, प्रस्ताव पास

- कांग्रेस वर्किंग कमेटी में बड़ा फैसला, सबने सर्वसम्मति से की मांग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस वर्किंग कमेटी ने राहुल गांधी से लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष बनने को लेकर प्रस्ताव पास किया है। संगठन के प्रभारी पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, सीडब्ल्यूसी ने सर्वसम्मति से राहुल गांधी से लोकसभा में विपक्ष के नेता की भूमिका निभाने की अपील की। संसद के अंदर इस कैंपेन को लीड करने के लिए राहुल जी सबसे सही व्यक्ति हैं। वेणुगोपाल से पूछा गया कि इस प्रस्ताव को लेकर राहुल गांधी की क्या प्रतिक्रिया रही। उन्होंने बताया, इस पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि वह विचार करेंगे। कांग्रेस की बैठक के बाद कांग्रेस नेता भूपेंदर सिंह हुड्डा की भी प्रतिक्रिया आई। उन्होंने कहा, राहुल गांधी को नेता प्रतिपक्ष बनाना चाहिए। यही सबकी मांग है और यही कांग्रेस को मजबूती देगी। मीटिंग के बाद गोगोई ने कहा, जब भी कांग्रेस पार्टी ने राहुल से कुछ अपेक्षा की है तो उन्होंने पार्टी की ख्वाहिश पूरी की है।



## संक्षिप्त समाचार

### पाल होटल के भोजन में मिला कॉकरोच, खाना खा रहे लोगों ने किया हंगामा, होटल प्रबंधन को 15 दिन का नोटिस

**पटना।** पटना के बुद्धमार्ग स्थित पाल होटल में शुक्रवार को खाना खा रहे स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी को खाने में कॉकरोच मिल गया। इसकी शिकायत उन्होंने होटल के मैनेजर से की। इस दौरान वहां खाना खा रहे अन्य लोगों को भी इसके बारे में पता चला गया। लोगों ने होटल में जमकर हंगामा किया। घटना की सूचना मिलने के बाद कोतवाली थाने की पुलिस पहुंच गई। इधर फूड इंस्पेक्टर अजय कुमार भी वहां पहुंच गए। किसी तरह समझा-बुझाकर मामले को शांत कराया गया। फूड इंस्पेक्टर और उनकी टीम ने होटल की जांच की और होटल प्रबंधन को 15 दिन का नोटिस दिया है। शर्त पूरी नहीं करने पर होटल पर कार्रवाई की जाएगी।



**होटल में कई तरह की अनियमितताः** फूड इंस्पेक्टर ने कहा कि कॉकरोच का ट्रेस नहीं मिला। लेकिन होटल में कई अनियमितता देखने को मिली। कच्चा मांस और पनीर नीयत तापमान पर नहीं रखा गया था। इस कारण ऐसे भोज्य पदार्थ को नष्ट कर दिया गया। उन्होंने कहा कि होटल में साफ-सफाई की व्यवस्था भी सही नहीं पाई गई है। होटल प्रबंधन को 15 दिन का नोटिस दिया गया है। इतने दिन में अगर वे अपनी व्यवस्था नहीं सुधारते हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। होटल सील भी किया जा सकता है।

### बिहार में फिलहाल गर्मी से नहीं मिलेगी राहत, 31 जिलों में गर्म दिन की संभावना

**पटना।** राजधानी पटना समेत दक्षिण बिहार के कई जिलों में गर्म पछुआ हवा चल रही है। इस वजह से अगले तीन से चार दिनों तक गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के 31 जिलों में हॉट डे रहने की संभावना जताई है। इसके अलावा अन्य सभी जिलों में मौसम सामान्य रहेगा। मौसम विभाग के मुताबिक अगले तीन से चार दिनों तक पटना सहित मध्य और दक्षिणी बिहार के जिलों में अधिकतम तापमान 40 से 44 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। दूसरी तरफ बिहार में मानसून 13 से 15 जून के बीच दस्तक दे सकता है। शुक्रवार को रोहतास सबसे गर्म जिला रहा। यहां का अधिकतम तापमान 43.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, गया, भोजपुर, अरवल, वैशाली, पटना, शेखपुरा, बांका और राजगीर को छोड़ कर अन्य जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के ऊपर दर्ज किया गया है। 9 जून को राज्य के दक्षिण-पश्चिम भाग के एक या दो स्थानों पर लू की संभावना है। राज्य के उत्तर-पश्चिम, उत्तर-मध्य, दक्षिण-पूर्व और दक्षिण-मध्य भागों के एक या दो स्थानों पर गर्म और आर्द्र दिन रहने की संभावना है। उत्तर-मध्य और उत्तर-पूर्व भागों के एक या दो स्थानों पर मेघ गर्जन के साथ आकाशीय बिजली और तेज हवा (30-40 किमी प्रति घंटा) चलने की संभावना है। 10 जून को राज्य के दक्षिण-पश्चिम भाग के एक या दो स्थानों लू की संभावना है। राज्य के उत्तर-पश्चिम, उत्तर-मध्य, दक्षिण-पूर्व और दक्षिण-मध्य भागों के एक या दो स्थानों पर गर्म और आर्द्र दिन रहने की संभावना है। राज्य के उत्तर, दक्षिण-मध्य और दक्षिण-पूर्व भागों के एक या दो स्थानों पर मेघगर्जन, आकाशीय बिजली, तेज हवा (30-40 किमी प्रति घंटा) चल सकती है। 11 जून को उत्तर, दक्षिण-मध्य एवं दक्षिण-पूर्व भागों के एक या दो स्थानों पर मेघ गर्जन, आकाशीय बिजली, तेज हवा (40-50 किमी प्रति घंटा) की संभावना है। राज्य के पश्चिम भागों के एक या दो स्थानों पर गर्म और आर्द्र दिन रहने की संभावना है।



### बेतिया से 9 जुलाई को चलेगी भारत गौरव ट्रेन




**पटना।** इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड के क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से देखो अपना देश के तहत भारत गौरव ट्रेन की शुरुआत होने जा रही है। इस योजना के तहत भारतीय रेलवे रेल पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए लगभग 33 फीसदी रियायत प्रदान कर रहा है। यह पर्यटक ट्रेन ट्रेन 9 जुलाई को बेतिया से खुलेगी जो कि बेतिया, सुगौली, रक्सौल, सीतामढ़ी, दरभंगा, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर जंक्शन, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर और पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेशन पर तीर्थ यात्रियों के लिए रुकेगी। तीर्थ स्थलों उज्जैन (श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग और श्री ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग), द्वारका (श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग और श्री द्वारिकाधीश मंदिर), सोमनाथ (श्री सोमनाथ ज्योतिर्लिंग) शिरडी (साईं बाबा के दर्शन) और नासिक (श्री त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग और शनि शिंगनापुर मंदिर) के दर्शन कराते हुए 19 जुलाई को वापस लौटेगी। श्रेणी के हिसाब से वातानुकूलित और गैर वातानुकूलित होटल में रात्रि विश्राम की सुविधा होगी। शाकाहारी भोजन और घूमने के लिए श्रेणी के हिसाब से वातानुकूलित और गैर वातानुकूलित बस की व्यवस्था होगी। कोच में सुरक्षा गार्ड, सफाईकर्मी और टूर एस्कॉर्ट उपलब्ध रहेंगे। आईआरसीटीसी की वेबसाइट www.irctctourism.com पर जाकर बुकिंग कर सकते हैं।

### नगर में खुलेआम बेची जा रही है अवैध बालू प्रशासन क्यूँ है चुप

**चाणक्यभूमि बगहा।** बगहा नगर थाना क्षेत्र में रात के अंधेरे में हो या दिन के उजाले में खुलेआम बालू का बिक्री हो रहा है। बता दे की पुलिसिया कार्यवाही से भैरोगंज थाना क्षेत्र में बालू लदे ट्रैक्टर ट्राली को जप्त किया गया था। लेकिन बगहा नगर थाना क्षेत्र में खुलेआम बालू लदी हुई ट्रैक्टर ट्राली एन एच पर दौड़ती हुई नजर आ रही है। बता दे कि रात होते ही बालू माफिया अपना कारोबार चालू कर देते हैं एवं सुबह 7ः बजते ही वह बंद कर देते हैं बताते चले की गंडक नदी से भी बालू खनन किया जा रहा है जो बैलगाड़ी एवं ट्रैक्टर ट्राली से नगर में खुलेआम बालू बेची जा रही है। अब बरसात का मौसम आने वाला है इस तरह का कारोबार चालू रहा तो वह दिन दूर नहीं की गंडक नदी अपना रौंद रूप चालू करेगी जिसमें कई घर नदी में विलीन हो जाएंगे।

### गोलीबारी मामले में 2 को हिरासत में लिया गया, पूर्व मुखिया के घर पर चली थी गोली

**पटना।** दीघा के यदुवंशी नगर में नकटा दियारा के पूर्व मुखिया भागीरथ राय के घर पर गोलीबारी और मारपीट करने वालों की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है। दो युवकों को हिरासत में लिया गया है। दोनों आरोपियों के परिचित हैं। दोनों से पूछताछ की जा रही है। इस गोलीकांड में गुरुवार को ही पुलिस दो आरोपियों पूर्व सरपंच विमल राय और फौजी धर्मेंद्र राय को गिरफ्तार कर चुकी थी। अन्य 10 आरोपियों की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है। डीएसपी विधि व्यवस्था टू दिनेश कुमार पांडेय ने कहा कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी चल रही है। इस बीच, शुक्रवार को सोशल मीडिया पर हर्ष फायरिंग का एक वीडियो वायरल हो गया। एक समारोह में सांस्कृतिक कायक्रम में दौरान एक युवक हर्ष फायरिंग कर रहा है।

# पटना में ASI की बेटे की हत्या, फ्लैट में मिला शव

## घटनास्थल से शराब की बोतल समेत कई आपत्तिजनक सामान बरामद

**एजेंसी, पटना।**

पटना के एजी कॉलोनी में एएसआई के बेटे की हत्या कर दी गई। शव एक फ्लैट से मिला है। घटनास्थल से शराब की बोतल और कंडोम भी मिला है। पुलिस को शक है कि इस फ्लैट में 3 से 4 लोग शुक्रवार की रात पार्टी कर रहे थे। पार्टी के दौरान ही विवाद हुआ है। इसके बाद गला दबाकर हत्या कर दी गई है। पार्टी में किसी महिला के भी आने का शक है। मृतक की पहचान भोजपुर निवासी आर्यन राज के तौर पर हुई है।

**क्या बोले डीएसपीः** सचिवालय डीएसपी-2 साकेत कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। फ्लैट में बाहर से ताला लगा हुआ था। ताला तोड़कर अंदर देखा तो एक छात्र का शव पड़ा हुआ था। मामले की छानबीन की जा रही है। आर्यन डीएवी से कुछ ही दिन पहले ही पास आउट हुआ है। इस फ्लैट में रहने वाले लड़के की पहचान की जा रही है। फिलहाल फ्लैट के आसपास के लोग कुछ भी बोलने से परहेज कर रहे हैं।



**पंखे से लटक कर छात्र ने दी जानः** वहीं, पटना के पुनाईचक में मेडिकल की तैयारी कर रहे एक छात्र ने खुदकुशी कर ली। छात्र ललित कुमार का शव पंखे से लटका हुआ मिला है। कमरा 2-3 दिनों से बंद था। बदबू आने पर लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सचिवालय डीएसपी-2 साकेत कुमार ने बताया कि मौके पर जब पुलिस पहुंची तो दरवाजा और खिड़की अंदर से बंद था। दरवाजा तोड़ा गया तो एक छात्र का शव पंखे से लटका हुआ था।

शव पूरी तरह सड़ चुका था। उन्होंने आगे कहा कि भोजपुर निवासी ललित पटना में रहकर मेडिकल की तैयारी करता था। कुछ दिन पहले रिजल्ट आया था, जिसमें ललित को बहुत कम नंबर आए थे। जिसके बाद से वो काफी परेशान था। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

# चचेरे भाई के बीच विवाद में भतीजे ने चलाई गोली

**एजेंसी, पटना।**

पटना के फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र के रानीपुर गांव में दो परिवार के बीच जमीन विवाद में फायरिंग हुई। इस मामले में एक भाई के बेटों ने चचेरे चाचा मंगरू पासवान को गोली मार दिया। गंभीर हालत में इलाज के लिए पटना एम्स में भर्ती कराया गया है। वहां उसकी मौत हो गई।



**क्या बोले डीएसपीः** घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पूरे मामले की छानबीन शुरू कर दी है। घटना की पुष्टि करते हुए फुलवारी शरीफ पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी विक्रम सिहाग ने बताया कि सुनील पासवान और मंगरु पासवान दोनों चचेरा भाई हैं। दोनों परिवार के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गई थी। दोनों भाई जमीन का कारोबार किया करते है।

**प्रतिशोध में चलाई गोलीः** मंगरु पासवान की जमीन के कारोबार के बढ़ते प्रभाव को देखकर सुनील पासवान और उसका बेटा जलन करने लगा था। इसी को लेकर शनिवार को दोनों भाई के बीच विवाद हो रहा था। इस बीच सुनील पासवान का बेटा अमन कुमार और सन्नी कुमार ने मंगरू पासवान पर गोली चला दी। पासवान को दो गोली लगी। वह मौके पर ही गिर पड़ा। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना फुलवारी शरीफ थाने को दी। सूचना मिलने के बाद फुलवारी शरीफ थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। सीसीटीवी भी आस-पास का चेक किया जा रहा है।

♦ पटना एम्स में इलाज के दौरान मौत, जमीन को लेकर चल रहा था विवाद

# दानापुर पुलिस ने 25 ट्रैक्टर को जब्त किया

**एजेंसी, पटना।**

दानापुर पुलिस ने अवैध बालू खनन को लेकर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने 25 ट्रैक्टर को जब्त किया है। सभी ट्रैक्टर में लाल बालू लदा हुआ है। सभी गाड़ियों के ड्राइवर मौके से भागने में सफल रहे हैं। दानापुर पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि सगुना मोड़ स्थित हाई टेक हॉस्पिटल के पीछे दर्जनों अवैध बालू लदी गाड़ियां खड़ी है। इसके बाद दानापुर थानाध्यक्ष के निर्देश पर पीएसआई मंजीत ठाकुर के नेतृत्व में टीम गठित कर उक्त स्थान पर छापेमारी की गई। पुलिस को मौके पर आता देख कई बालू लदे गाड़ियों के ड्राइवर गाड़ी लेकर फरार हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जप्त कर थाने ले आई।



**ड्राइवर और मालिक पर कार्रवाईः** इस दौरान पुलिस को वहां मौजूद लोगों के विरोध का सामना भी करना पड़ा। मौके से सभी ट्रैक्टर ड्राइवर फरार हो गए। इस संबंध में दानापुर थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार भारद्वाज ने बताया कि लगातार सूचना मिल रही थी कि दानापुर थाना क्षेत्र के रास्ते अवैध लाल बालू परिचालन किया जा रहा है। शनिवार की सुबह लगभग 6 बजे हाई टेक हॉस्पिटल के बगल से रास्ते से 25 अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया गया है।

## अतिथि शिक्षकों की सैलरी भुगतान में धांधली का आरोप

# पटना में डेटा कार्यालय के पास हंगामा, 250 के बदले 150 रुपया देने का भी आरोप

**एजेंसी, पटना।**

अतिथि शिक्षकों ने सेवा के बदले राशि भुगतान नहीं होने पर डेटा कार्यालय का घेराव किया है। शिक्षकों ने 250 के बदले 150 देने का आरोप लगाया है। बिहार सरकार ने अतिथि शिक्षकों को आउटसोर्सिंग पर बहाल किया था। लेकिन एजेंसी की ओर से सेवा लेने के बाद राशि का भुगतान नहीं किया गया। अतिथि शिक्षकों ने पटना डेटा कार्यालय में प्रदर्शन किया है।

**एजेंसी ने डेटा कार्यालय भेजाः** वहीं, बिहार प्रदेश अतिथि आउटसोर्सिंग शिक्षक संघ के अध्यक्ष राजीव रंजन ने बताया कि एजेंसी की ओर से करार के मुताबिक पांच महीने की सैलरी का भुगतान नहीं किया जा रहा है। जबकि, कोशी प्रगति प्राइवेट लिमिटेड सुपौल के माध्यम से प्रतिदिन 250 रुपए की राशि की भुगतान का करार किया गया था। जबकि, 150 की राशि का भुगतान किया जा रहा है। इसकी शिकायत एजेंसी में की गई तो पटना डेटा कार्यालय भेज दिया गया। यहां कोई सुनने को तैयार नही है।



**लिखित शिकायत भी की गईः** राशि भुगतान नहीं होने पर DEO मोतिहारी, विभाग समेत गांधी मैदान थाने में भी लिखित शिकायत दी गई है। लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं है। जबकि, बिहार भर के अतिथि शिक्षकों की सैलरी बैंक में आ गई है। कुछ लोगों को 150 रुपए के हिसाब से राशि का भुगतान किया गया। इसका विरोध किया गया तो जबरन 150 के हिसाब से राशि भुगतान करने की बात की जा रही है। करार के तहत भुगतान नहीं किया गया तो प्रदर्शन के बाद भूख हड़ताल भी किया जाएगा।

**डेटा कार्यालय की ओर से क्या कहा गयाः** पटना एग्जीबिशन रोड स्थित ग्राउंड बकेट लिमिटेड डेटा कार्यालय के संस्थापक राजेश कुमार ने राशि भुगतान को लेकर बताया कि एजेंसी 250 रुपए ले रही है। लेकिन शिक्षकों को 150 रुपए की राशि भुगतान किया जाना है। अगर इसमें किसी तरह की कोई शंका है तो विभाग को पत्र लिखकर जानकारी ले सकते हैं। एजेंसी के तहत भेजे गए डेटा के हिसाब से पैसा भुगतान भी किया गया है। हालांकि, मामला अब गांधी मैदान थाने में है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि पूरे मामले की जांच की जाएगी। जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि मामला क्या है।

# जनादेश मोदी सरकार के खिलाफ हैः दीपंकर

**एजेंसी, पटना।**

पटना में माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने प्रेस वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि माले बिहार में तीन सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ी। जिसमें से काराकाट और आरा में हमारी जीत हुई है। नालंदा में भी हमने कड़ी टक्कर दी। हालांकि उम्मीद के मुताबिक इंडिया गठबंधन का परिणाम नहीं आया है।

**जनादेश मोदी सरकार के खिलाफ हैः** पूर्णिया सीट को जोड़कर देखें तो इंडिया गठबंधन को दस सीटें मिली। हमें उम्मीद थी कि 20 सीटें गठबंधन को मिलेंगी। हम इसकी समीक्षा करेंगे। लेकिन जो जनादेश आया है वह मोदी सरकार के खिलाफ है। इसकी दिशा बहुत साफ है। खासकर उत्तर प्रदेश जो मोदी, शाह, योगी का गढ़ है। वहां लोगों ने यह मैसेज दिया कि मोदी सरकार को सत्ता से बेदखल किया जाए। जनादेश की तीव्रता में कमी रही और बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी रह गई। एनडीए को सरकार बनाने का मौका मिल गया।



**एग्जिट पोल की आड़ में 30 लाख करोड़ का घोटालाः** दीपंकर ने कहा कि एग्जिट पोल की आड़ में एक बड़ा घोटाला 30 लाख करोड़ का सामने आया है। चुनाव परिणाम के बाद शेयर बाजार काफी गिरा। इससे छोटी कंपनियों को काफी नुकसान हुआ और विदेश कंपनियों को फायदा हुआ। इसकी जांच ज्वाइंट पार्लियामेट्री कमेटी से हो। नीट के रिजल्ट को लेकर भी युवाओं में काफी सवाल है। एक ही सेंटर से चार-पांच लोगों को सेम नंबर कैसे आ गए? इसका जवाब देना चाहिए। छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ है। कहां तक यह सरकार चल पाएगी यह समय बताएगा। नीतीश कुमार की बड़ी भूमिका होगी। बैठक में नीतीश कुमार को लेकर जो बातें हुई वह काफी दुखद है। नरेन्द्र मोदी से जाति जनगणना, बिहार को विशेष राज्य का दर्जा जैसी गारंटी नीतीश कुमार को लेनी चाहिए।

एग्जिट पोल की आड़ में 30 लाख करोड़ का घोटाला हुआ, जांच होनी चाहिए

**नीतीश कुमार को जनादेश का सम्मान करना चाहिएः** वहीं, काराकाट से निर्वाचित सांसद राजाराम सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार शुरू से ही 'थ्री सी' कि बात करते रहे हैं। करप्शन, क्रिमिनलाइजेशन और कम्युनलाइजेशन के खिलाफ जीरो टॉलरेंस वाले नेता खुद को बताते रहे हैं। इस बार उनकी परीक्षा की घड़ी है। नीतीश कुमार को जनादेश का सम्मान करना चाहिए और हमारा साथ देना चाहिए। अभी भी समय है। जनादेश इसलिए आया है कि नरेन्द्र मोदी सत्ता से छुट्टी पाएं। नीतीश कुमार इंडिया गठबंधन के साथ आएं।

# फतुहा में चलती ट्रेन से गिरकर टीचर की मौत

## खुसरूपुर जाते समय हुआ हादसा, निजी स्कूल में थे कार्यरत

**एजेंसी, पटना।**

फतुहा रेलवे स्टेशन के पास डाउन लाइन पर चलती ट्रेन से गिरने से एक टीचर की मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही जीआरपी प्रभारी गनौरी दास अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लिया।

**चलती ट्रेन से गिर पड़ेः** मृतक की पहचान रायपुरा निवासी रामशरण लाल के पुत्र शरद कुमार(50) के तौर पर हुई है। शरद कुमार निजी स्कूल में कार्यरत थे। घटना की सूचना पर मृतक की पत्नी रेखा देवी भी फतुहा स्टेशन पर पहुंची। उन्होंने बताया कि फतुहा स्टेशन से ट्रेन पकड़कर खुसरूपुर जा रहे थे। इस बीच स्टेशन से पूर्व केबिन के पास अचानक चलती ट्रेन से गिर पड़े। इससे उनकी मौत हो गई। शरद कुमार घर में इकलौते कमाने वाले थे। घटना के बाद से ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



**क्या कहते हैं थाना प्रभारीः** वहीं, फतुहा जीआरपी प्रभारी गनौरी दास ने बताया की शव की पहचान हो गई है। पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए पटना भेज दिया गया है। मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

# 15 लोगों से 31.42 लाख की ठगी, पूर्व मंत्री और पूर्व डीटीओ के नाम पर भी ठगी

## बैंक अधिकारी बन कर कॉल किया

**एजेंसी, पटना।**

साइबर अपराधी लगातार लोगों से ठगी कर रहे हैं। 15 लोगों से 31 लाख 42 हजार की ठगी के केस साइबर थाने में दर्ज किए गए हैं। शातिरों ने पाटलिपुत्र कॉलोनी के रहने वाले रजनीश कुमार के फेसबुक मैसेंजर पर पूर्व मंत्री डॉ. अशोक राम के प्रोफाइल से मैसेज आया और नंबर मांगा गया। रजनीश ने मोबाइल नंबर दे दिया। इसके बाद अशोक राम का हवाला देकर रजनीश से सूर्य कुमार ने बात की। कहा-वह सीआरपीएफ का अधिकारी है। उसका ट्रांसफर जम्मू हो गया है। वह अपना फर्नीचर बेचना चाहता है।

**2 बार में 70 हजार की ठगीः** शातिर ने उनसे दो बार में 70 हजार की ठगी कर ली। इसी तरह पूर्व डीटीओ सुरेंद्र झा का हवाला देकर संपतचक के नवीन मिश्रा से 20 हजार की ठगी कर ली। नवीन को सुरेंद्र झा के फेसबुक प्रोफाइल से मैसेज आया। कहा-उनका भतीजा औरंगाबाद सीआरपीएफ में है। उसका तबादला हो गया है। वह बात करेगा। इसके बाद सीआरपीएफ के फर्जी अधिकारी ने नवीन से बात और फर्नीचर बेचने का हवाला देकर उनसे 20 हजार की ठगी कर ली। कोतवाली थाने के दारोगा विमलेश कुमार को किसी ने बैंक अधिकारी बनकर कॉल किया। कहा-आपके क्रेडिट कार्ड पर अतिरिक्त चार्ज लग रहा है। एक लिंक भेजकर कहा कि इसपर क्लिक कर दें, चार्ज कटना बंद हो जाएगा। उन्होंने ऐसा किया तो उनके खाते से 30 हजार की निकासी हो गई।



**बेटा रेप केस में गिरफ्तार हो गया है, बचाना है तो 70 हजार भेजेंः** श्रीकृष्णापुरी के सुरेश कुमार तिवारी के मोबाइल पर कॉल आया। फोन करने वाले ने खुद को इंस्पेक्टर अजय शर्मा बताया और कहा-आपका बेटा रेप केस में गिरफ्तार हुआ है। बचाना चाहते हो तो 70 हजार भेज दो। उन्होंने दो बार में 70 हजार रुपए भेज दिए। इसके बाद शातिर दो लाख मांगने लगा। उन्होंने 30 हजार रुपए और दे दिए। इस बीच पत्नी के कहने पर उन्होंने अपनी बहू को फोन किया तो पता चला कि उनका बेटा घर में सो रहा है।

### ठगी के तरह-तरह के तरीके, अनजान से रहें सावधान

- जक्कनपुर के मनीष कुमार को किसी ने आरबीएल बैंक का अधिकारी बनकर कॉल किया। कहा-आपके क्रेडिट कार्ड पर हेल्थ इंश्योरेंस एक्टिव है। डिएक्टिवेट नहीं कराने पर चार्ज लगेगा। इसके बाद उनके मोबाइल पर लिंक भेजकर खाते से 1.13 लाख की निकासी कर ली।फुलवारी के मुकुल कुमार झा डॉक्टर हैं। बोरिंग रोड में क्लिनिक चलाते हैं। टेलीग्राम पर उनका संपर्क एक युवती से हुआ। युवती ने एक कंपनी में निवेश करने पर मुनाफा मिलने की बात कही। डॉक्टर ने 7.71 लाख का निवेश कर दिया। जब और पैसे की मांग की गई तब उन्हें लगा कि ठगी के शिकार हो चुके हैं।
- पाटलिपुत्र के नेहरू नगर के अभिषेक के वाट्सएप पर एक लिंक आया। कहा गया कि ऑनलाइन टास्क पूरा करने पर पैसे मिलेंगे। शुरुआत में कुछ पैसे मिले भी। इसके बाद पेड टास्क पर मुनाफा का झांसा देकर शातिरों ने उनसे 8.13 लाख की ठगी कर ली।
- बहादुरपुर के शशि ठाकुर को फेसबुक पर ड्रीम इलेवन ग्रुप से जोड़ दिया गया। कहा गया कि ग्रुप बनाने पर एक लाख रुपए जीत सकेंगे। एक लाख पर 10 प्रतिशत कमीशन देना होगा। दूसरे दिन फोन कर कहा-आप 2 लाख जीत चुके हैं। इसके बाद प्रोसेसिंग फीस लेने के बहाने उनके खाते से 92,750 रुपए की निकासी कर ली। पत्रकारनगर के आकाश सुल्तानिया से भी इसी तरीके से 79,200 रुपए की ठगी कर ली।
- बेउर के विद्यानगर के रहने वाले हरेंद्र सिंह को बिजली कंपनी का अधिकारी बनकर कॉल किया। कहा-आपके स्मार्ट मीटर का सत्यापन करना है। इसके बाद एक लिंक भेजा। उन्होंने लिंक पर क्लिक किया तो उनका मोबाइल हैक हो गया। उनके खाते से 6.76 लाख की निकासी हो गई।
- रूकनपुरा की आदर्श विहार कॉलोनी के रामभजन सिंह को बिजली विभाग का एसडीओ बनकर कॉल किया। कहा-आपका रिचार्ज नहीं हो सका है। आपका कनेक्शन कट जाएगा। इसके बाद उनसे एटीएम नंबर और सीवीवी नंबर पूछ कर खाते से 49,999 रुपए की निकासी कर ली।



# बिहार में धू-धूकर जली चलती हुई कार

## बाल-बाल बचे होमगार्ड के प्रदेश अध्यक्ष समेत 4

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** बिहार के मुजफ्फरपुर में सड़क पर चलती लग्जरी कार में भीषण आग लग गई। घटना काजी मोहम्मदापुर थाना इलाके के चक्कर मैदान रोड में पथ निर्माण विभाग के कार्यालय के समीप शुक्रवार रात हुई। इसमें होमगार्ड संघ के प्रदेश अध्यक्ष अरुण ठाकुर समेत चार लोग बाल बाल बच गए। गाड़ी छोड़कर उतने से पहले कार के दो गेट जाम हो चुके थे। थोड़ी सी देरी होती दो चार लोग कार के साथ जिंदा जलकर राख हो जाते। अरुण ठाकुर ने बताया कि कार में अचानक शॉट सर्किट से आग लग गई। बोनट की ओर से धूंआ निकलता देख गाड़ी चला रहे अरुण ठाकुर ने गेट खोलने की कोशिश की। लेकिन तबतक दो गेट जाम हो चुके थे। दूसरी ओर का दोनों गेट खोल कर आगे और पीछे बैठे चार लोग गाड़ी से निकलकर बाहर भागे। देखते देखते कार सड़क पर धू-धूकर जलने लगी। अरुण ठाकुर ने तुरंत इसकी सूचना पर अग्निशाम विभाग को दी। दमकल की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाई गई। हालांकि, तब तक कार पूरी तरह से जल चुकी थी। मौके पर पहुंचे काजी मोहम्मदपुर थाना के दारोगा अहरार खान ने बताया कि कार से सभी लोग सुरक्षित निकल गए थे। होमगार्ड के प्रदेश अध्यक्ष अरुण ठाकुर ने बताया कि बीबीगंज स्थित अपने आवास से दुकान के लिए जा रहे थे। गाड़ी में चार लोग सवार थे। गाड़ी वह खुद ड्राइव कर रहे थे। सर्किट हाउस के पास अचानक गाड़ी के इंजन में आग लगने का एहसास हुआ। गाड़ी में धुंआ उठते हीं उन्होंने कार रोक दी। गाड़ी में दोनों सीटों पर बैठे चारों लोगों ने अपने अपने पास वाले चारों गेट को खोला। पता चला कि दो गेट नहीं खुले। सभी लोग दो गेट से तुरंत बाहर निकल गए। उन्होंने अग्निशमन विभाग को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही के कमांडेंट त्रिलोकी नाथ झा के नेतृत्व में फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची और आग पर काबू पा लिया। धुंआ उठने के तुरंत बाद कार धू धू कर जलने लगी। दमकल की एक छोटी और एक बड़ी गाड़ी मौके पर पहुंची। लेकिन आग इतनी जबरदस्त थी की अग्नि शमन विभाग की टीम को फोम का उपयोग करना पड़ा। तब जाकर आग पर काबू पाया जा सका। कार में लगी आग को दमकल की दो गाड़ियों ने करीब आधे घंटे तक कड़ी मशक्कत करने के बाद आग पर काबू पाया। अरुण ठाकुर ने भगवान को धन्यवाद दिया। होमगार्ड कमांडेंट त्रिलोकी नाथ ने कहा कि घटना में कार के अलावे कोई नुकसान नहीं हुआ है।

## संक्षिप्त समाचार

### मैथिली फिल्म 'विद्यापति देखने के लिए उमड़ी भीड़

**दरभंगा, एजेंसी।** मैथिली फिल्म 'विद्यापति शुक्रवार को शहर के एक सिनेमाघर में रिलीज की गयी। फिल्म देखने बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। केवटी विधायक डॉ. मुरारी मोहन झा, बेनीपुर विधायक प्रो. विनय चौधरी, कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विवि के कुलपति प्रो. लक्ष्मी निवास पांडे, लनामिवि के पीजी संगीत विभागाध्यक्ष प्रो. पुष्पम नारायण, विद्यापति सेवा संस्थान के महासचिव बैजनाथ चौधरी बैजू आदि फिल्म देखने पहुंचे थे। सभी लोगों ने फिल्म को बेहतर बताते हुए निर्देशक श्याम भास्कर के काम की सराहना की। निर्माता सुनील कुमार झा ने बताया कि यह फिल्म न सिर्फ दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करती है, बल्कि विद्यापति से जुड़ी हमारी समझ और जानकारी को भी परिष्कृत करती है। दर्शकों ने बताया कि विद्यापति की भूमिका में रहे अभिनेता तुषार झा सहित सभी कलाकारों ने बेहतर काम किया है। फिल्म में दर्शकों की रुचि का भी पूरा ध्यान रखा गया है।

### संत नरसी मेहता की लीला ने किया भावविभोर

**दरभंगा, एजेंसी।** रतनपुर स्थित श्री चैतन्य कुटी परिसर में आयोजित 30वें तीरोधान महोत्सव में सातवें दिन वृंदावन के प्रसिद्ध श्री निकुंज बिहारी रास मंडल की ओर से स्वामी कुंज बिहारी शर्मा के निर्देशन में भक्त नरसी मेहता के चरित्र की भक्ति भावपूर्ण लीला दिखाई गई। लीला में दिखाया गया कि नरसी मेहता गुजरात के जूनागढ़ के रहने वाले थे। उनमें बचपन से ही भगवान कृष्ण के प्रति आसक्ति थी। वह हर समय कृष्ण और गोपी लीला पर गीत गाते और आनंद में नाचते रहते थे। उनके इस स्वरूप और काम से नाराज भाभी ताना मारती रहती और दुर्व्यवहार करती रहती थी। नरसी मेहता ने अपने जीवन में कभी भी जीविकोपार्जन का विचार नहीं किया। उनका दृढ़ विश्वास था कि भगवान कृष्ण उनकी सभी जरूरतें पूरी करेंगे। वे खुशमिजाज स्वभाव के संत थे। उन्होंने समुद्र के किनारे गोपीनाथ में तपस्या की। भगवान शिव की कृपा से उन्हें भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन हुए। श्रीकृष्ण के कहने पर वे अपने घर वापस आये और शादी कर ली। भजन-कीर्तन के साथ गृहस्थ जीवन व्यतीत करने लगे। उन्हें एक बेटा और एक बेटी थी। नरसी पर जब-जब कोई विपत्ति आती थी तो वे भगवान श्रीकृष्ण से गुहार लगात और भगवान वहीं पहुंचकर बाधाएं दूर कर देते थे। लीला के दौरान श्यामल सेठ के नाम सात सौ रुपए की 'हुंडी लिखाई प्रकरण ने दर्शकों को देर तक अपनी ओर खींचे रखा। रासलीला देखने के लिए रतनपुर और आसपास के दर्जनों गांवों से हजारों श्रद्धालु पहुंचे थे। दोपहर में जगतगुरु राधाबल्लभ दासजी महाराज ने अपने अनुयायियों एवं वैष्णवजनों को संबोधित किया।

### ईंट-पत्थर चलने से चार लोग घायल :जहानाबाद में यज्ञ के दौरान मारपीट, सुरक्षा बल तैनात, हालात सामान्य



**जहानाबाद, एजेंसी।** जहानाबाद के पाली थाना क्षेत्र में बड़की मुरारी गांव में दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। इस दौरान लोगों ने एक दूसरे पर रोड़ेबाजी शुरू कर दी। इसमें चार लोग घायल हो गए। सीसीटीवी कैमरे में पूरी घटना कैद हो गई। अब उसका वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। बताया जाता है कि गांव में यज्ञ किया जा रहा था। इसी को लेकर मेला का आयोजन किया गया था। इसमें झूला भी लगाया गया था। इसी पर बैठने को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। मामला शांत कराने के लिए समिति ने झूला को बंद करा दिया। तभी गांव के कुछ लोग झूला को चालू करने के लिए पहुंच गए और आयोजक से लड़ाई हो गई। घटना में संजय शर्मा, लालती देवी, गीत देवी, सरोज देवी आदि कई लोग घायल हो गए। इसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पुलिस ने किसी तरह मामले को शांत कराया। वहीं एसडीपीओ संजीव कुमार ने बताया कि मुरारी गांव में यज्ञ के दौरान दो पक्षों में इट पत्थर चले हैं। इसमें चार लोग घायल हो गए है। घटना स्थल पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। इसके साथ ही प्राथमिक की दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# नीट परीक्षा रिजल्ट पर बिहार में भी खलबली कांग्रेस पार्टी आंदोलन पर उतारू



**पटना, एजेंसी।** नीट परीक्षा के रिजल्ट को लेकर नेशनल टेस्ट एजेंसी के कार्य पद्धति पर सवालिया निशान लगाये जा रहे हैं। द क्वालीफायर के संस्थापक ने नेशनल टेस्ट एजेंसी से जहां कई सवाल पूछे हैं, वहीं नीट परीक्षा के रिजल्ट में धांधली का आरोप लगाते हुए कांग्रेस पार्टी ने आंदोलन की चेतावनी दी है। यह मामला पहले ही सुप्रीम कोर्ट पहुंच चुका है। नीट परीक्षा 2024 में नेशनल टेस्ट एजेंसी के द्वारा भारी गलती करने के आरोप लगाये जा रहे हैं। पूर्णिया जिले के प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान द क्वालीफायर के संस्थापक आदित्य केजरीवाल ने शुक्रवार को नेशनल टेस्ट एजेंसी से कुछ सवाल पूछे हैं। केजरीवाल ने सवाल किया कि 67 बच्चों ने नीट परीक्षा 2024 में टॉप किया है। पिछले कुछ सालों में 720 में 720 अंक लाने वाले में कुछ छात्र ही रहे हैं लेकिन इस बार 67 कैसे आए ? 67 में से 44 ऐसे छात्र हैं जो ग्रेस मार्क्स के आधार पर हैं। सवाल ये है कि क्या ग्रेस मार्क्स के आधार पर नीट के टॉपर्स का चयन होगा। डॉक्टर आदित्य केजीरवाल ने कहा है कि हरियाणा के फरीदाबाद में एक ऐसा परीक्षा केंद्र है, जहां सीरियल नंबर 62 से सीरियल नंबर 69 तक 8 टॉपर हैं, जिसमे 6 ऐसे है जिनको 720 में 720 अंक मिले हैं और दो ऐसे हैं जिन्हे 719 और 718 अंक मिले हैं। ये अपने आप मे हैरान करने वाला है कि क्या ऐसा हो सकता है?

### सूचनाएं सार्वजनिक करने की मांग

जिस दिन लोकसभा चुनाव के नतीजे आ रहे थे, जिससे परीक्षा कराने वाली सरकारी एजेंसी एनटीए के ऊपर बहुत सारे सवाल उठाये जा रहे हैं। इम्तिहान के ठीक 24 दिन पहले 9 और 10 अप्रैल को एप्लीकेशन विंडो को खोला गया। प्रदेश प्रवक्ता ने सवाल करते हुए पूछा है कि ऐसा क्यों किया गया, कितने बच्चों ने तब फॉर्म भरा, उनमें से कितने कौन से सेंटर के थे, उनमें से कितनों का सेलेक्शन हुआ? उनके रोल नंबर सार्वजनिक करने की मांग उठ रही है। पहले नीट पेपर लीक की खबर और अब रिजल्ट में गड़बड़ी से देश के लाखों युवाओं का भविष्य बर्बाद हो रहा है। सरकार इसका जवाब दे और इसकी जांच करवाए अन्यथा हम सभी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस साल नीट यूजी का जो रिजल्ट आया है उस पर सवाल उठाए जा रहे हैं। इस परीक्षा में 67 छात्रों कौ 720 में पूरे 720 अंक प्राप्त हुए हैं। इससे परीक्षा लेने वाली एजेंसीनेशनल टेस्टिंग एजेंसी की कार्य शैली पर सवाल उठाए जा रहे हैं। पेपर लीक का आरोप लगाया जा रहा है। कांग्रेस ने इसे देश भर में मुद्दा बना दिया है। यह मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया है। एनटीए के रवैये पर एक बड़ा सवाल और खड़ा हो गया है कि हरियाणा के झज्जर में एक ही परीक्षा केंद्र से आठ-आठ टॉपर निकल आए हैं जो आसपास बैठे थे। कई छात्रों का भी कहना है कि उनके नंबर इतने कम नहीं आ सकते हैं।

### कांग्रेस ने धांधली का आरोप लगाते हुए दी आंदोलन की चेतावनी

बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता जयवर्धन सिंह ने नीट के रिजल्ट पर हुए धांधली का आरोप लगाते हुए कई सवाल सरकार से किया हैं और सरकार को इस परीक्षा की जांच करवाने मांग की है। जयवर्धन सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा कि पहली बार 67 छात्रों ने 720 में से 720 अंक मतलब 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। इनमें से 8 छात्र एक ही सेंटर के छात्र थे जो बड़े संदेह के दायरे में दिख रहे है। ऐसा पहली बार हुआ है कि इतनी बड़ी संख्या में छात्रों ने 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है, इससे पहले 4 छात्र ही यह कीर्तिमान बना पाये थे। 5 मई को नीट 2024 की परीक्षा हुई थी जिसका परिणाम 14 जून को आना था लेकिन यह परिणाम 10 दिन पहले 4 जून को ही निकाल दिये गये।



# लोकसभा चुनाव संपन्न करने वाले पुलिस अधिकारी हुए सम्मानित

**गया, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव को बेहतर ढंग से शांतिपूर्ण संपन्न करने वाले जिले के वरीय पुलिस अधिकारियों और थाना अध्यक्षों को एसएसपी आशीष भारती ने देर शाम प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर न केवल फील्ड में काम करने वाले पुलिस अधिकारियों को सम्मानित किया गया। बल्कि बैक आफिस में काम करने वाले पुलिस अधिकारी जो चुनाव ड्यूटी में लगाए थे, उन्हें भी सम्मानित किया गया। खास बात यह भी है कि चुनाव को संपन्न कराने में केंद्रीय सुरक्षा बल के अधिकारियों की भी अहम भूमिका रही थी। ऐसे में सुरक्षा बल के अधिकारियों को भी इस मौके पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि इस मौके पर जिले के नक्सल क्षेत्र में केंद्रीय सुरक्षा बल ही विशेष रूप से लगाए गए थे। उनकी भूमिका नक्सल वाले इलाके में अहम थी। केंद्रीय सुरक्षा बल की 70 कम्पनियां चुनावी ड्यूटी में लगाए गए थे। एसएसपी आशीष भारती ने कहा कि लोकसभा चुनाव बेहद शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। जिले के किसी भी कोने में किसी प्रकार की अनहोनी नहीं हुई और न ही वोटिंग को लेकर कोई विवाद या झगड़ा हुआ यह जिला पुलिस के लिए बड़ी बात है। वहीं, सीआरपीएफ के कमांडेंट मयंक कुमार ने कहा कि बेहतर ढंग से चुनाव संपन्न होने के पीछे बेहतर कोऑर्डिनेशन है। उन्होंने कहा कि चाहे जिला पुलिस हो या फिर केंद्रीय सुरक्षा बल दोनों ने अपनी ड्यूटी को पूरी जिम्मेदारी के साथ निभाया है। यही वजह रही की चुनाव बेहतर ढंग से संपन्न हो सका। इस मौके पर चुनाव के दौरान लू लगने से हुई दो पुलिस कर्मियों की मौत की घटना को भी याद किया गया। साथ ही मृत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।

# 21 जून को होगा जिला परिषद अध्यक्ष का चुनाव



**पटना, एजेंसी।** पटना जिला परिषद अध्यक्ष के चुनाव की तिथि घोषित होते ही माहौल गरमाने लगा है। चुनाव 21 जून को होगा। इस बार भी कुमारी स्तुति और अंजु देवी आमने-सामने होंगी। दोनों उम्मीदवार ईबीसी वर्ग से हैं। जीत में ओबीसी सदस्यों का रोल अहम होगा। कारण, 44 सदस्यों वाली जिला परिषद में ओबीसी सदस्यों की संख्या एक तिहाई से अधिक है।

### अविश्वास प्रस्ताव में कुमारी स्तुति हार गई थीं


वहीं, एससी और सामान्य वर्ग के सदस्यों का भी हार-जीत में रोल होगा। दोनों उम्मीदवार जातीय समीकरण को साधने में जुटी हैं। 2021 के चुनाव में कुमारी स्तुति को 32 और अंजु देवी को 13 वोट मिले थे। अविश्वास प्रस्ताव में कुमारी स्तुति हार गई थीं।

राज्य निर्वाचन आयोग ने डीएम को पत्र भेजकर सभी निर्वाचित सदस्यों को 13 जून तक चुनाव की सूचना देने को कहा है। चुनाव के तत्काल बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष को शपथ दिलाई जाएगी। इसकी वीडियोग्राफी होगी।

### अविश्वास प्रस्ताव पास होने से चुनाव की नौबत

अध्यक्ष कुमारी स्तुति के खिलाफ 10 फरवरी को अविश्वास प्रस्ताव पारित हुआ था। उस दिन विशेष बैठक में 22 सदस्य पहुंचे। कुमारी स्तुति के वाकआउट करने के बाद 21 सदस्यों ने मतदान में हिस्सा लिया था। 19 सदस्यों के बहुमत से अविश्वास प्रस्ताव पारित किया गया था। इसके खिलाफ कुमारी स्तुति ने हाईकोर्ट में अपील की थी। 16 मई को तीन जजों वाली पूर्णपीठ ने अविश्वास प्रस्ताव को सही माना। इसके बाद स्तुति ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की। वहां 29 जुलाई को सुनवाई होनी है। फिलहाल, उपाध्यक्ष आशा देवी अध्यक्ष का कार्यभार संभाल रही हैं। अभी जिला परिषद में 44 सदस्य हैं। श्वेता विश्वास के महिला आयोग का सदस्य बनने के बाद से एक पद खाली है।

# एलएफजे केस में लालू परिवार पर नौकरी के बदले जमीन स्कैम में अंतिम चार्जशीट दायर



**पटना, एजेंसी।** एक तरफ केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार एनडीए की सरकार बनने जा रही है तो दूसरी ओर सीबीआई ने लालू यादव और उनके परिवार के सदस्यों की बेचैनी बढ़ाने वाला काम कर दिया है। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद और उनके परिवार के सदस्यों की कथित संलिप्तता वाले नौकरी के बदले जमीन घोटाले में अपना अंतिम आरोप पत्र शुक्रवार को दाखिल कर दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस केस में लालू यादव के अलावे उनकी पत्नी राबड़ी देवी, बेटे तेजस्वी यादव, बेटी मीसा भारती, हेमा यादव समेत लालू के कई करीबी आरोपी हैं।


अधिकारी ने बताया कि सीबीआई द्वारा विशेष अदालत को सौंपी गई अंतिम रिपोर्ट में उन सभी रेलवे जोन को शामिल किया गया है, जहां लालू प्रसाद के परिवार के सदस्यों द्वारा कथित तौर पर जमीन लिये जाने के एवज में नौकरी दी गई थी। अधिकारियों ने कहा कि विशेष अदालत छह जुलाई को इसपर विचार करेगी।

एक अधिकारी ने कहा, जांच के दौरान यह पाया गया कि आरोपियों ने रेलवे अधिकारियों के साथ साजिश रची और अपने या अपने करीबी रिश्तेदारों के नाम जमीन लेने के एवज में नौकरियां दी गईं। यह भूमि तत्कालीन सर्किल दर और बाजार दर से बहुत कम कीमत पर हासिल की गई थी। यह मामला 2004 से 2009 के बीच का है जब लालू प्रसाद यादव केंद्र में मनमोहन सिंह की सरकार में रेल मंत्री थे। आरोप है कि रेलमंत्री रहते लालू यादव ने कई करीबियों को रेलवे में गलत तरीके से नौकरी दी और बदले में उनके परिवारों से कीमती जमीनें अपने सगे संबंधियों के नाम पर लिखखवा ली। इस मामले में सीबीआई और ईडी जांच कर रही है। कई बार लालू यादव, तेजस्वी यादव, मीसा भारती समेत अभियुक्तों से जांच एजेंसियां पूछताछ कर चुकी हैं। दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में यह केस चल रहा है।

# चीनी नागरिक ने जेल में की आत्महत्या की कोशिश, बिना वीजा नेपाल से घुसा था

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** बिहार के मुजफ्फरपुर स्थित शहीद खुदीराम बोस केंद्रीय कारा में बंद चीनी नागरिक ली जियाकी (63 वर्ष) ने खुद को गंभीर रूप से जख्मी कर लिया है। जेल के हॉस्पिटल वार्ड के शौचालय में वह घायल अवस्था में बेहोश मिला। जेल प्रशासन ने उसे बेहतर इलाज के लिए शुक्रवार की देर शाम एसकेएमसीएच में भर्ती कराया है। जेल प्रशासन का मानना है कि ली जियाकी ने आत्महत्या का प्रयास किया है। एक दिन पहले गुरुवार को उसे ब्रह्मपुरा थाने की पुलिस ने जेल भेजा था। वह बिना वीजा के नेपाल के रास्ते बिहार में प्रवेश कर गया और बुधवार को संदिग्ध हालत में शहर में पकड़ा गया। हॉस्पिटल वार्ड में साथी बंदियों से जेल प्रशासन ने पूछताछ की है। बंदियों का कहना है कि चीनी नागरिक ने अपने चश्मे का शीशा तोड़कर उससे अपने प्राइवेट पार्ट को काटने का प्रयास किया। उसे गहरा जख्म आया और अत्यधिक खून रिसाव से वह शौचालय में ही बेहोश हो गया था। हल्ला होने





पर तुरंत सुरक्षा कर्मी पहुंचे और आनन फानन में अस्पताल भेज दिया गया ताकि समय से उसका इलाज शुरू हो सके। जेल सूत्रों ने बताया कि उसकी भाषा स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी या जेल के दूसरे बंदी नहीं समझ पा रहे हैं। इसलिए वह और भी झल्लाया हुआ था। जेल में शाम में उसने दही-चूड़ा खाया था। सुबह में नाश्ता के बाद दिनभर वार्ड में सोया रहा। उसे दिन में बंदियों ने रोते हुए भी देखा। जेल के सिपाही ने दिन में दो बार इशारे से पूछा तो उसने बताया कि खाना खा लिया है। बता दें कि चीनी नागरिक को बगैर वीजा के भारत में घुसपैठ के आरोप में ब्रह्मपुरा थाना के लक्ष्मी चौक के पास से बुधवार की देर शाम पुलिस ने गिरफ्तार किया था।

उसके पास चीन का पासपोर्ट मिला, लेकिन भारत में आने का वीजा नहीं था। वह नेपाल में एक जून को चीन से पहुंचा था। इसके बाद नेपाल के वीरगंज से बस के जरिए मुजफ्फरपुर के बैरिया बस स्टैंड पहुंचा। मुजफ्फरपुर में ब्रह्मपुरा थाना के लक्ष्मी चौक से पुलिस ने बगैर वीजा के उसे गिरफ्तार किया गया था। भारत में अनाधिकृत घुसपैठ की धारा में एफआईआर दर्ज की है। गुरुवार दोपहर उसे न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। ली जियाकी चीन के हांग प्रजाति से आता है। वह मूल रूप से चीन के शेडोंग प्रांत के कैंगशान काउंटी शहर के दाजहोंग गांव का रहने वाला है। वह नेपाल के रास्ते भारत आया। पुलिस ने उसका चीनी पासपोर्ट जब्त किया है।

इस मामले में ब्रह्मपुरा थानेदार सुभाष मुखिया ने बताया कि ली जियाकी के पास से पत्थर से बनी तीन छोटी-छोटी मूर्तियां और पत्थर के तीन विचित्र टुकड़े मिले हैं। उसे हाथ लगाने पर ली जियाकी नाराजगी जाहिर करता था। पत्थर के अलावा उसके पास से एक मोबाइल मिला, जिसमें चीन का सिम लगा है। इसके अलावा चीनी करेंसी युआन के 100-100 के नौ नोट, बीस के दो, 10 के आठ, पांच के दो और एक युआन के अलावा पांच व एक युआन का एक सिक्का मिला। 1175 नेपाली रुपए और भारत के 8630 रुपए मिले हैं। चीन का एक मैप भी जब्त किया गया है। उसके पास चीन का पहचान पत्र भी था।

# खुशी डायग्नोस्टिक सेंटर का किया गया शुभारंभ

चाणक्य भूमि



दरअसल नेपाल औऱ उत्तर प्रदेश की सीमा पर बगहा 1 में स्थित इस डायग्नोस्टिक सेंटर से महज़ चार घन्टे के अंदर थायराइड के जांच की सुविधा मिलेगी । जो स्वास्थ्य जांच के इतिहास में बगहा के लिए मिल का पत्थर साबित होगा

सेंटर के प्रोपराइटर मोहम्मद नुरैन ने बताया कि बगहा का यह आधुनिकतम डायग्नोस्टिक सेंटर होगा । जहां सभी प्रकार के जांच के अलावे एक्सरे और आने वाले दिनो मे अल्ट्रासाउंड कि भी सुविधा दि जाएगी। इस डायग्नोस्टिक सेंटर पर एक दिन में सिर्फ चार घन्टे के भीतर मरीज को थायराइड जांच रिपोर्ट उपलब्ध करा दी जाएगी, इसके अलावे इलेक्टोलाइट की भी पूरी जांच, सोडियम, पोटैशियम, क्लोराइड, कैल्शियम, सीबीसी, बायोकेमिस्ट्री की जांच, यूरिन टेस्ट आधुनिक मशीन के द्वारा किया जाएगा।

बात दे होम कलेक्शन का भी निशुल्क सेवा दिया जाएगा इस मौके पर बगहा नगर परिषद पुर्व सभापति फ़िरोज़ आलम नें इसकी काफी सराहना किया और उन्होंने बताया कि बगहा के लिए बहुत ही जरूरी था जो थायराइड रिपोर्ट चार दिन बाद मिलता था अब वह महज़ 4 घंटे के अंदर मिल जाएगा। लिहाजा बगहावासीयों के लिए काफी खुशी औऱ गौरव की बात है। बता दे की जाँच सेंटर पर

- स्वास्थ्य जांच के इतिहास में बगहा के लिए मिल का पत्थर साबित होगा

विधानसभा के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी जय सिंह भी पहुंचे थे और उन्होंने भी इस पहल की काफी सराहना किया।

इस मौके पर मौजूद जेडीयू नेता दयाशंकर सिंह, साकेत पांडेय, अरविंद राव, मोहम्मद राशिद, आजम खान, मोबिन अंसारी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

स्वागत कर्ता मोहम्मद इशा मास्टर, मोहम्मद लतीफ, मोहम्मद मुस्तफा, मोहम्मद अब्दूलाह अनील, अरविंद, टुनटुन, इस्लाम, कृष्णा, जय प्रकाश तिवारी भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# बगहा में दवा दुकानो की जाँच फर्जी दुकानदारों में मचा हड़कंप




चाणक्य भूमि

बगहा शुक्रवार को सहायक औषधि नियंत्रण सुषमा कुमारी के नेतृत्व में तीन सदस्यीय टीम बगहा पहुंची। टीम में ड्रग इंस्पेक्टर नागेंद्र कुमार व सहायक ड्रग नियंत्रक सतीश कुमार शामिल है। जांच टीम ने नगर के बगहा दो स्थित दुर्गा ड्रग एजेंसी की जांच की। जांच के दौरान एक्सपायर दवा दवाओ के कागजात आदि की जांच की गई। जांच में कई कागजात उपलब्ध नहीं पाए गए। सहायक औषधि नियंत्रक सुषमा कुमारी ने बताया कि जांच के बाद दवा दुकानदार को दवा संबंधित सभी कागजात के साथ कार्यालय बुलाया गया है। कागजातों के जांच के बाद अगर कोई त्रुटि मिली तो कार्रवाई की जाएगी। बताते चले कि नगर सहित क्षेत्र में किराना दुकानों की भांति दवा दुकानें बिना निबंधन व फार्मासिस्ट के धड़ल्ले से संचालित हो रही है। जांच की सूचना सभी को पहले ही लग जाती हैं। जाँच के दिन दुकानों को बंद कर दिया जाता है।नियमित छापेमारी से फर्जी दुकानों का संचालन के साथ-साथ प्रतिबंधित दवाओं के बिक्री पर लगाम लग सकती हैं।

# भूमि विवाद को लेकर मारपीट आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

चाणक्यभूमि बगहा

बगहा पुलिस जिला के भैरोगंज थाना क्षेत्र स्थित भैसही गांव में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट होने का मामला प्रकाश में आया है। इस संदर्भ में उक्त गांव के लाल बिहारी राम की पत्नी शोभा देवी ने गांव के ही आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध मारपीट करने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। भैरोगंज थानाध्यक्ष भरत कुमार ने बताया कि घर बनवाने को लेकर दुसरे पक्ष के लोगों के द्वारा मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पीड़ित महिला ने आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है।

पीड़ित महिला ने दर्ज एफआईआर में आरोप लगाई है कि उक्त गांव के दीनानाथ राम, राजेश राम, छावन राम, विजय राम, बन्ही देवी, रितू देवी समेत आधा दर्जन लोगों के द्वारा मारपीट की गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर पुलिस घटना की जांच में जूट गई है। उन्होंने बताया कि घटना में शामिल सभी अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी अभियान जारी है।




# जिला परिषद सदस्य भाई समेत हुये गिरफ्तार

चाणक्यभूमि बेतिया



श्रीनगर थाना के पुलिस ने भवानीपुर पंचायत के जगदंबापुर निवासी जिला परिषद लालबाबु चौधरी व उसके भाई रंजीत चौधरी को मारपीट के मामले व पुलिस के साथ झड़प के मामले मे गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि वर्षो पूर्व जमीनी विवाद के मामले मे जिला परिषद की गरिमा का धौंस दिखाते हुए मारपीट किये थे।

पूर्व में अवैध खन्न के मामले मे पुलिस टीम पर भी हमला भी किया था। जिसमें पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज किया था। जिसको पुलिस को वर्षो से तलाश कर रही थी। जानकारी के अनुसार योगापट्टी प्रखंड के जिला परिषद क्षेत्र संख्या 14 के जिला परिषद जगदंबा पूर निवासी लालबाबु चौधरी व उसके भाई रंजीत चौधरी को पुलिस ने घर से गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

- जिला परिषद लालबाबु चौधरी व उसके भाई रंजीत चौधरी को श्रीनगर थाना की पुलिस ने शनिवार को मारपीट के पुराने मामले में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आपको बता दे कि अभी कुछ दिन पुर्व ही जिला पार्षद लालबाबु चौधरी अभियंता से मारपीट मामले में जेल से छूटे है

# मुरारी बापू ने कथा के आठवे दिन कहा राम ही अंतिम सत्य हैं

चाणक्यभूमि वाल्मीकिनगर



बापू कथा वाचन के लिए जैसे ही व्यास पीठ पर विराजमान हुए जय सियाराम के जयघोष से पूरा पंडाल गूंजायमान हो गया। हनुमान चालीसा का पाठ भक्तों द्वारा किया गया। उसके उपरांत राम वंदना, हनुमान वंदना तथा गुरु वंदना के उपरांत संत शिरोमणि मोरारी बापू ने राम कथा की शुरुआत की। कथा के दौरान भक्तों के मन में उत्पन्न हुए सवालों को बापू ने श्लोकों और कथा के माध्यम से जवाब देकर संतुष्ट किया।

मोरारी बापू ने कहा कि किसी भी वस्तु को निहारने या आंखों से स्पर्श करने का भाव पुजारी का होना चाहिए। देखने वाली आंखें पुजारी वाली होनी चाहिए, शिकारी वाली नहीं। आंखें आरती वाली होनी चाहिए। अगर आंखें शिकारी वाली होंगी तो पतन भी कर सकती है। इंद्रियों के द्वार प्रबल होते हैं। प्रत्येक व्यक्ति को मर्यादा और संयम में रहना चाहिए। संयम गुरुकृपा और भक्ति से आता है। रामचरित मानस की कथा यही संदेश देता है कि जीवन को आनंददायक बनाना है तो सत्य, प्रेम और करुणा का भाव मन में होना ही चाहिए। राम ही अंतिम सत्य हैं। जो राम को जान लेता है उसके अंदर प्रेम और करुणा का भाव होना सहज स्वाभाविक ही है।ईर्ष्या से ऐश्वर्य तो मिल सकता है, लेकिन शांति नहीं। निंदा से स्वर्ग तो मिल सकता है, लेकिन निद्रा नहीं मिलेगी। शनिवार को मोरारी बापू ने कहा कि भागवत कथा मुक्ति देती है। यह पोषण करती है, किसी का शोषण नहीं करती। भागवत निर्वाण की कथा है। यह आश्रय देती है। परमात्मा की कथा का श्रवण करें। काम, क्रोध व मोह मनुष्य के नरक का मार्ग है। जीव के लिए थोड़ा लोभ जरूरी है, लेकिन अत्यंत लोभ बुरा है। साधुओं का सम्मान करना चाहिए। गोस्वामी जी ने लिखा है कि साधु की आत्मा और कथा उस परमात्मा की आंखें हैं। ईश्वर हमें साधु की आंखों से देखते हैं।







# श्रम संसाधन विभाग बिहार के निर्देश पर विभिन्न प्रतिष्ठानों की जाँच में दो बाल श्रमिक मुक्त

चाणक्यभूमि मोतिहारी




जाँच के क्रम में मोतिहारी सादर प्रखंड के कुल-01 प्रतिष्ठान आर0 के0 सर्विस सेंटर से 02 बाल श्रमिकों को धावा दल की टीम के द्वारा विमुक्त कराया गया। साथ ही श्रम अधीक्षक, पूर्वी चम्पारण-01 अनिल कुमार सिंह द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि यह अभियान पूर्वी चंपारण जिला अंतर्गत लगातार क्रियाशील रहेगा!

बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के तहत सभी नियोजकों के विरूद्ध संबंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है जबकि सभी विमुक्त बाल श्रमिकों को बाल कल्याण समिति, पूर्वी चंपारण, मोतिहारी के समक्ष उपस्थापित कर उन्हें बाल गृह में रखा गया है!

आज की इस विशेष धावा दल की टीम में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, ज्योति सिंह, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, सुगौली दिवाकर प्रसाद, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, संग्रामपुर कीर्तिवर्धन सिंह, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, अरेराज सोनिया वर्मा, प्रयास संस्था से विजय कुमार शर्मा एवं छतौनी थाना से 04 पुलिस कर्मी एवं एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की टीम शामिल थी।

- श्रम संसाधन विभाग बिहार के निर्देश के आलोक में एवं श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, मोतिहारी सादर के नेतृत्व में मोतिहारी सादर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विशेष धावा दल के द्वारा विभिन्न प्रतिष्ठानों में सघन जाँच अभियान चलाया गया

# स्मैक के साथ दो लोगों को रक्सौल पुलिस ने किया गिरफ्तार

चाणक्यभूमि संवाद सूत्र

गुप्त सूचना के आधार पर स्मैक के साथ दो डिलेवरी बॉय को रक्सौल पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसकी पुष्टि करते हुए एसडीपीओ धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि हमे गुप्त सूचना मिली कि रामजी चौक के पास मादक पदार्थ स्मैक की डिलिवरी होने वाली है। जिसके बाद इंस्पेक्टर राजीव नंदन सिन्हा के नेतृत्व में छापेमारी कर रामजी चौक मारवाड़ी मंदिर के पास से दो व्यक्तियों को दो पुड़िया में 50 ग्राम व 188 ग्राम कुल 238 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत बीस लाख 38 हजार आंकी जा रही है। गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान सहदेवा निवासी हीरा पटेल का पुत्र प्रभात कुमार के रूप में हुई है वही दूसरा अहिरवाटोला वार्ड संख्या 7 निवासी फजल मिया का पुत्र सगीर मिया के रूप में हुई है। एसडीपीओ धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है की किसे डिलेवरी करना था और इस धंधे में कौन-कौन शामिल है। उन्होनें बताया कि दोनों आरोपियों को एनडीपीएस एक्ट में न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। यहां बता दे कि भारत-नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में मादक पदार्थ की तस्करी बढ़ गई है। हालांकि स्थानीय प्रशासन भी मुस्तैदी से तस्करों पर नकेल कस रही है। छापेमारी दल में इंस्पेक्टर राजीव नंदन सिन्हा, एसआई प्रभात कुमार, विकास कुमार, रजनीश कुमार, आनंद कुमार शामिल थे।







# सड़क दुर्घटना में दो युवती घायल एक कि हालात गंभीर

चाणक्यभूमि बेतिया



शनिवार की सुबह चनपटिया के टिकुलिया चौक पर ट्रक की चपेट में आने से स्कूटी पर सवार दो युवतियां घायल हो गई। लोगों की सूचना पर पहुंचे सीएचसी के एम्बुलेंस से दोनों घायलों को जीएमसीएच बेतिया भेज दिया गया। जहां से एक युवती की गंभीर स्थिति को देखते हुये गोरखपुर रेफर कर दिया गया। घायल युवतियों की पहचान मटिहरिया थाना क्षेत्र के शेरपुर सिरीसिया गांव निवासी धनेश्वर महतो की पुत्री मोनिका कुमारी और गौनाहा थाना क्षेत्र के अहरार पिपरा गांव निवासी सविनाज खातुन है। घटना के सम्बंध में थानाध्यक्ष सम्राट सिंह ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त ट्रक व स्कूटी को जब्त कर लिया गया है। ट्रक के खलासी को गिरफ्तार कर पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह दोनों युवतियां अपने घर से स्कूटी पर सवार होकर बेतिया निकली थी। तभी रास्ते में चनपटिया के टिकुलिया चौक के समीप स्कूटी सवार दोनों को ट्रक ने पीछे से अपनी चपेट में ले लिया। घटना में ट्रक के अगले पहिये से सविनाज का बायां हाथ बुरी तरह से कुचल गया है। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जीएमसीएच बेतिया भिजवाया। इसी बीच मौका पाकर ट्रक चालक ट्रक लेकर भागने लगा। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने घटनास्थल से करीब 3 किलोमीटर दूर जैतिया गांव के समीप ट्रक का पीछा कर घेर लिया।

ट्रक लखनऊ से एल्बेसटस लोडकर ट्रक चनपटिया के रास्ते मोतिहारी जा रहा था। ईधर, घायल सविनाज खातुन के चाचा म. इरशाद ने बताया कि सविनाज की स्थिति गंभीर है। जीएमसीएच बेतिया से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे गोरखपुर रेफर कर दिया है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सड़क के किनारे बेतरतीब तरीके से बिजली का तार रखा गया था। स्कूटी का अगला पहिया तार में फंस गया और दोनों युवतियां सड़क पर गिर गई और पीछे से आ रहे पीछे से आ रहा ट्रक की चपेट में दोनों युवतियाँ आ गई जिससे दोनों बुरी तरह से घायल हो गई।










स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714